<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
पोकर राम बनाम
लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)
सू.अ. अपील संख्या 21/2024</td><td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td></tr>
<tr><td>15/07/2024</td><td>अपीलार्थी पोकर राम निवासी पूनिया की प्याउ, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 14.01.2024 में उनके द्वाराएवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरि उपखण्ड कार्यालय उत्तर व दक्षिण, तहसील कार्यालय जोधपुर व जिला परिषद में पदस्थापित समस्त कर्मियों के नाम, आवंटित शाखा व उक्त कार्यालयों में नियुक्ति दिनांक से आज दिनांक तक सेवा अवधि की सत्यापित प्रमाणित प्रतियों की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 1904 दिनांक 20.06.2024 को बतलाया कि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र में वर्णित सूचना उपखण्ड कार्यालय <u>उत्तर/दक्षिण</u> जोधपुर, तहसील कार्यालय जोधपुर एवं जिला परिषद कार्यालय जोधपुर से संबंधित है, जिसका अंतरण उक्त कार्यालयों में किया जाना संभव नही है(अंतरण मात्र एक ही स्तर पर किया जाता है)। जिस कारण प्रार्थी प्रशासनिक सुधार विभाग जयपुर के परिपत्र संख्या प.22(16) प्रसु/सू.अ.प्र./2010 दिनांक 12.07.12 के अनुसार उक्त कार्यालयों में अलग अलग प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सूचना प्राप्त कर सकते है।

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अलग अलग लोक सूचना अधिकारीयों से संबंधित है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। प्रार्थी संबंधित कार्यालयों के लोक सूचना अधिकारी के समक्ष वांछित सूचना के लिए अलग अलग आवेदन कर सूचना प्राप्त कर सकता है तथा आवेदन करने के उपरांत संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध न कराने पर पुनः अपील प्रस्तुत कर सकता है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण</td><td></td></tr>
</table>